भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 46

जिसका उत्तर 29.01.2026 को दिया जाना है

वार्षिक फास्टैग पास

46. श्री तमिलसेल्वन थंगा:

डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान निजी और वाणिज्यिक वाहनों से अलग-अलग संग्रहीत किए गाए टोल राजस्व का वर्षवार और तमिलनाडु के सभी टोल बूथ सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है:

(ख) 'वार्षिक फास्टैग पास' की शुरुआत के बाद से जारी किए गए उक्त कुल वार्षिक पासों की संख्या कितनी है और क्या उक्त 'पास' की शुरुआत ने पूरे देश में, विशेषकर तमिलनाडु में कुल टोल राजस्व संग्रह को प्रभावित किया है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) फास्टैग वार्षिक पास प्रणाली के अंतर्गत पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कुप्रबंधन या अपवंचन को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) प्रयोक्ता शुल्क वाहन के वर्गीकरण (जैसे कार, बस, ट्रक, आदि) के आधार पर लगाया जाता है, न कि इस आधार पर कि वाहन वाणिज्यिक है या गैर-वाणिज्यिक। हालांकि, कार/जीप/वैन वाहनों और अन्य वाहन श्रेणियों के लिए प्रयोक्ता शुल्क संग्रहण का श्रेणी-वार विवरण अनुलग्नक-क में है। (वीसी-04 कार/जीप/वैन है और गैर-वीसी-04 अन्य सभी वाहन हैं):

(ख) से (ग) 15 अगस्त 2025 को फास्टैग वार्षिक पास सुविधा के शुभारंभ के बाद से, लगभग 42 लाख वार्षिक पास सक्रिय किए गए हैं, जिससे 19 करोड़ रूपये से अधिक लेनदेन हुए हैं और दिसंबर 2025 तक लगभग 1,265 करोड़ रूपये का संग्रहण हुआ है। वर्तमान में, लगभग 25 प्रतिशत गैर-वाणिज्यिक वाहन वार्षिक पास सुविधा का उपयोग करके फास्टैग लेनदेन कर रहे हैं।

(घ) फास्टैग वार्षिक पास प्रणाली राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण (एनईटीसी) प्लेटफॉर्म के तहत प्रौद्योगिकी-आधारित निगरानी तंत्र द्वारा समर्थित है। सक्रियण से पहले, वाहन की गैर-वाणिज्यिक स्थिति की पुष्टि करने के लिए वाहन डेटाबेस की जांच की जाती है, और फास्टैग स्थिति को सत्यापित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) सत्यापन किया जाता है। वार्षिक पास को तब एक विशिष्ट वाहन पंजीकरण संख्या (वीआरएन) और फास्टैग आईडी से जोड़ा जाता है, जिसमें लेनदेन को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किया जाता है ताकि उपयोग की निगरानी और वार्षिक पास सुविधा के दुरुपयोग का गलत उपयोग रोका जा सके ।

अनुलग्नक

वार्षिक फास्टैग पास के संबंध में श्री तमिलसेल्वन थंगा, डॉ. गणपथी राजकुमार पी द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 46 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

कार/जीप/वैन वाहनों और अन्य वाहन श्रेणियों के लिए प्रयोक्ता शुल्क संग्रहण के श्रेणी-वार विवरण (वीसी-04 कार/जीप/वैन और गैर-वीसी-04 अन्य सभी वाहन हैं) :

	2023		2024		2025	
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**गैर-वीसी04**	**वीसी04**	**गैर-वीसी04**	**वीसी04**	**गैर-वीसी04**	**वीसी04**
आंध्र प्रदेश	27,50,55,67,650	6,51,45,48,433	28,02,98,53,090	6,92,84,01,913	33,55,63,01,511	7,70,98,70,016
असम	3,74,23,09,906	94,64,01,943	4,02,51,00,795	99,75,92,030	5,09,10,75,740	1,15,23,53,630
बिहार	14,30,11,22,976	1,69,21,10,003	15,57,92,42,410	1,87,63,92,529	20,99,04,84,290	2,56,29,67,625
छत्तीसगढ	8,43,04,21,745	1,18,21,87,324	9,22,01,68,595	1,35,83,95,094	10,89,24,64,780	1,59,39,47,570
दिल्ली	4,86,86,92,510	2,61,29,15,113	5,06,04,06,235	2,81,35,32,280	5,92,79,79,245	3,50,41,84,170
गुजरात	40,70,14,45,718	7,24,39,79,637	41,75,32,71,421	7,44,16,84,614	54,94,43,87,134	9,24,05,55,473
हरियाणा	20,20,70,78,148	11,30,52,71,363	21,88,05,69,538	11,84,64,05,955	25,67,72,70,566	12,63,15,93,160
हिमाचल प्रदेश	46,34,61,120	44,41,29,655	82,40,65,015	72,92,62,359	96,42,40,805	94,05,32,860
जम्मू और कश्मीर	2,82,94,00,690	1,35,05,82,135	3,09,13,34,570	1,56,91,46,155	3,44,26,37,790	1,59,65,13,555
झारखंड	6,36,33,09,195	1,01,90,48,210	6,97,95,10,709	1,10,18,77,517	8,66,66,32,740	1,38,12,03,573
कर्नाटक	27,09,29,45,825	10,53,62,16,367	28,84,00,60,755	12,04,68,07,910	33,52,23,20,766	13,69,78,41,640
केरल	3,44,20,54,200	1,82,96,15,649	3,47,73,35,718	1,92,60,08,341	3,52,27,74,266	1,89,44,68,862
मध्य प्रदेश	29,30,81,45,208	4,24,79,06,817	32,25,20,20,624	4,85,35,41,371	38,25,28,18,311	6,30,71,02,910
महाराष्ट्र	39,79,07,96,742	9,42,74,33,275	43,92,36,64,304	10,64,05,41,023	53,43,62,48,897	12,41,27,90,774

मेघालय	81,29,14,610	15,03,59,300	67,49,67,050	15,30,41,660	67,30,02,410	16,89,54,170
ओडिशा	15,49,31,57,585	1,90,39,07,960	16,52,05,94,529	2,05,70,54,028	18,77,35,55,400	2,37,13,40,545
पंजाब	9,30,08,39,528	6,58,95,91,515	8,41,60,53,463	6,07,56,23,806	10,98,94,24,724	7,08,99,52,306
राजस्थान	45,36,41,90,960	8,61,15,54,196	48,65,75,42,689	9,36,60,24,389	58,70,05,98,125	11,11,65,96,353
तमिलनाडु	27,56,82,73,653	12,11,96,76,714	27,76,27,09,051	12,81,28,21,227	31,63,10,09,676	14,46,53,39,597
तेलंगाना	14,93,11,68,470	5,11,84,49,366	16,08,88,93,315	5,42,06,64,828	18,36,15,38,063	5,60,70,89,471
उत्तर प्रदेश	46,30,52,85,137	11,47,42,60,285	49,22,99,04,035	13,34,77,02,876	56,63,87,02,088	15,94,71,97,941
उत्तराखंड	2,45,01,10,130	1,77,98,59,653	2,60,55,30,649	1,94,00,22,925	2,90,02,37,220	2,08,20,02,304
पश्चिम बंगाल	23,60,35,77,680	2,47,13,88,999	24,55,16,37,891	2,66,17,64,167	29,24,35,61,368	3,21,91,84,010
कुल योग	**4,14,87,62,69,384**	**1,10,57,13,93,911**	**4,39,44,44,36,449**	**1,19,96,43,08,993**	**5,26,79,92,65,914**	**1,38,69,35,82,514**

*****